# HINDI

## Paper 1

(*Two Hours*)

***Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.***

*You will **not** be allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

***The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.***

---

*Attempt **all** questions.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

**Question 1**

Write a composition in **Hindi** in not less than **four hundred (400)** words on any **one** of the following topics :— [25]

निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर **हिन्दी** में प्रस्ताव लिखिए जो **चार सौ (400)** शब्दों से कम न हो :—

**(i)** उस घटना का वर्णन कीजिए जिससे आपने अपने जीवन का एक अमूल्य सबक सीखा कि "जीवन की सर्वश्रेष्ठ वस्तुएँ खरीदी नहीं जा सकतीं ।"

**(ii)** अपने मित्र की उस आदत का वर्णन कीजिए, जो आपको पसंद नहीं है तथा जिससे आपकी दोस्ती पर बुरा प्रभाव पड़ता है ।

**(iii)** "अपराध की समाप्ति के लिए मृत्युदंड आवश्यक है" — इस पंक्ति के पक्ष या विपक्ष में अपने विचार दीजिए ।

**(iv)** कल्पना कीजिए कि आप किसी दूसरे ग्रह की यात्रा पर गए थे, जहाँ आपकी मुलाकात उस ग्रह के प्राणियों से हुई — अपने अनुभवों का वर्णन लिखिए ।

**(v)** 'आ बैल मुझे मार' — इस उक्ति के आधार पर एक मौलिक कहानी लिखिए ।

---

**This Paper consists of 5 printed pages and 1 blank page.**



© *Copyright reserved.*

**(vi)** निम्न चित्र को ध्यानपूर्वक देखिये और मन में उमड़ने वाले विचारों के आधार पर एक संक्षिप्त प्रस्ताव लिखिए । प्रस्ताव का सीधा तथा स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना आवश्यक है ।



**Question 2**

Write a letter in **Hindi** on any **one** of the topics given below :— [10]

निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **हिन्दी में** पत्र लिखिये :—

**EITHER**

किसी कारण आपका मन कक्षा में नहीं लग रहा है, लेकिन अध्यापक की डाँट के डर से आप पढ़ाए जा रहे पाठ को मजबूर होकर चुपचाप सुन रहे हैं । अपनी बड़ी बहन को पत्र लिखकर बताइए कि आपका मन कक्षा में क्यों नहीं लग रहा था, उस समय आप क्या सोच रहे थे ?

**OR**

आपके मोहल्ले में बच्चों के खेलने के लिए किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं है । नगर-निगम के अध्यक्ष को पत्र लिखकर एक बाल-उद्यान बनवाने की प्रार्थना कीजिए ।

## Question 3

Read the passage given below carefully and answer in **Hindi** the questions that follow. Use your own words as far as possible :—

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए । उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :—

एक दिन घनघोर वर्षा हो रही थी । मेघों की भयानक गर्जना ने उस शाम के वातावरण को और भयावह बना दिया था । एक अधेड़ दम्पत्ति झोंपड़ी में बैठे दु:ख-सुख की बातें कर रहे थे । अचानक किसी ने दरवाजा खटखटाया और आवाज दी — "अन्दर कोई है ?" किसान ने दरवाजा खोलकर देखा तो सामने आत्मविश्वास से भरा बीस-इक्कीस वर्ष का कोई युवक खड़ा था । वर्षा में उसके वस्त्र पूर्ण रूप से भीग चुके थे । वह बहुत थका लग रहा था । उसकी वेशभूषा और लटकती तलवार से लगता था कि वह सिपाही हैं । किसान ने उससे पूछा — "क्या बात है भाई ।"

युवक बोला — "मैं एक राही हूँ । मार्ग भटक गया हूँ । वर्षा में बुरी तरह भीग गया हूँ । मैं और मेरा घोड़ा बुरी तरह थक गए हैं । आज की रात बिताने के लिए जगह चाहिए ।"

नवयुवक को आसरा मिल गया । किसान की पत्नी ने उसे बदलने के लिए कपड़े दिए । भीगे वस्त्रों को आग के पास टाँग दिया जिससे जल्दी सूख जाएँ । किसान ने घोड़े को आँगन में बाँध दिया और खाने के लिए चारा दे दिया ।

किसान की पत्नी ने युवक से पूछा — "भूख लगी होगी, खाना खा लो ।"

युवक ने कहा — "नहीं, नहीं, मैं खाना नहीं खाऊँगा । मैं सोना चाहता हूँ ।"

किसान बोला — "यह नहीं हो सकता । हम निर्धन अवश्य हैं, लेकिन घर आए अतिथि को भूखा थोड़े ही सोने देंगे । जो कुछ रूखा-सूखा हम खाते हैं, वही तुम भी खा लो ।"

युवक इस प्रेम भरे आग्रह को टाल न सका । किसान की पत्नी ने युवक तथा किसान के आगे केले के पत्तल लगा दिए । पत्ते पर भात परोसा और वह कढ़ी लाने गई । स्त्री ने भात पर कढ़ी परोसी तो वह पत्तल पर बहने लगी । युवक उसे एक ओर से रोकता तो वह दूसरी ओर से बहने लगती । युवक की समझ में नहीं आ रहा था कि वह कढ़ी को रोकने के लिए क्या करे ?

युवक की परेशानी देखकर किसान की पत्नी को हँसी आ गई और वह बोली —"तुम तो शिवाजी की तरह बुद्धू हो ।" फिर उसने उसे समझाते हुए कहा — "भात में कढ़ी लेने से पहले गड्ढा कर लेना चाहिए । नहीं तो कढ़ी रुक नहीं सकती, तुम्हें इतना भी नहीं मालूम ?"

युवक बोला —"मुझे तो कढ़ी-भात खाना नहीं आता इसलिए मैं तो बुद्धू हूँ, लेकिन यह शिवाजी कौन है ? उसे आप बुद्धू क्यों कहती हैं ?"

किसान की पत्नी बोली — "शिवाजी महाराष्ट्र पर अपना राज्य कायम करना चाहता है, इसलिए सुलतान से लड़ता है । वह बहादुर तो बहुत है, लेकिन उसकी लड़ाई का तरीका गलत है ।"

"तरीका गलत है, वह कैसे ?" युवक ने पूछा ।

स्त्री बोली — "शिवाजी गाँव पर कब्जा तो कर लेता है, परन्तु किलों पर अधिकार नहीं करता

है । सुलतान के सैनिक मौका मिलते ही किले से निकलते हैं और मारधाड़ करते हैं । फिर शिवाजी को पीछे हटना पड़ता है । वह यह नहीं समझता कि स्वराज्य कायम करना है तो पहले किलों पर कब्जा करना चाहिए ।''

युवक बोला — ''किलों पर कब्जा करना आसान नहीं है और इसमें समय भी लगता है ।''

स्त्री ने कहा —''यह ठीक है, परन्तु किलों पर कब्जा करना आवश्यक है । किलों पर अधिकार किए बिना स्वराज्य कायम नहीं किया जा सकता । जैसे भात में गड्ढा किए बगैर कढ़ी बह जाती है, उसी प्रकार किलों के बिना प्रदेश भी हाथ से निकल जायेगा । जिसके पास किले होंगे, उसी का महाराष्ट्र पर शासन होगा ।''

युवक को स्त्री की बात समझ में आ गई । वह सुबह उठकर चला गया ।

इस घटना को हुए कई वर्ष बीत गए । किसान दम्पत्ति वृद्ध हो गए । महाराष्ट्र में शिवाजी का शासन कायम हो गया । उनके राज्याभिषेक की तैयारियाँ हो रही थीं । एक दिन बूढ़ा किसान अपनी झोंपड़ी के बाहर बैठा था । उसी समय बहुत से घुड़सवार वहाँ आकर रुके और किसान से कुछ पूछा । उत्तरों से सन्तुष्ट होकर घुड़सवारों के नेता ने कहा — ''शिवाजी ने आपको आमन्त्रित किया है ।''

यह सुनते ही किसान घबरा गया और बोला — ''क्या बात है ? मुझसे कोई अपराध हुआ है, जो शिवाजी ने हमें बुलाया है ।''

सरदार ने कहा — ''महाराज ने हमें तो केवल इतना ही बताया है कि आपके कढ़ी-भात के सबक के कारण ही स्वराज्य कायम हो सका है । अत: महाराज की इच्छा है कि आप उनके राज्याभिषेक में अवश्य पधारें ।''

(i) दरवाजा खटखटाने वाला युवक कौन था ? उस समय उसकी दशा कैसी थी ? [4]

(ii) शिवाजी अपने उद्देश्य में किस प्रकार सफल हुए ? इस सन्दर्भ में उन्हें किसने और क्या सलाह दी ? [5]

(iii) इस सलाह से पहले शिवाजी की कोशिशें क्यों बेकार जा रही थीं ? समझाते हुए लिखिए । [4]

(iv) 'भात' और 'किले' में क्या समानता है ? किलों पर कब्जा करना क्यों आवश्यक था ? [4]

(v) कथा के आधार पर 'किसान दम्पत्ति' के गुणों का परिचय दीजिए । [4]

(vi) 'प्रस्तुत गद्यांश' का उचित शीर्षक लिखकर गद्यांश से मिलने वाली शिक्षा लिखिए । [4]

**Question 4**

(a) Write the antonyms of any **four** of the following words :— [4]

नीचे लिखे किन्हीं **चार** शब्दों के विपरीतार्थक शब्द दीजिए :—

| | | |
|---|---|---|
| (i) इष्ट | (ii) आग्रह | (iii) विकास |
| (iv) विख्यात | (v) कीर्ति | (vi) कठिनाई। |

**(b)** Give two synonyms each for any **four** of the following words :— [4]

नीचे लिखे किन्हीं **चार** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द दीजिए :—

(i) मन्दिर (ii) पक्षी (iii) कृपा

(iv) दिन (v) विश्वास (vi) अमृत ।

**(c)** Give the meanings of any **two** of the following phrases and use the phrases in sentences of your own :— [4]

निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं **दो** के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :—

(i) नाकों चने चबवाना (ii) दौड़-धूप करना (iii) फूला न समाना

(iv) फलना-फूलना ।

**(d)** Form Abstract Nouns from any **four** of the following words :— [4]

निम्न शब्दों में से किन्हीं **चार** की भाववाचक संज्ञा बनाइए :—

(i) चढ़ना (ii) लड़का (iii) बूढ़ा

(iv) मीठा (v) अधिक (vi) निज ।

**(e)** Rewrite the following sentences as directed :— [4]

निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार पुन: लिखिए :—

(i) बुद्धिमान पुरुष सत्य के मार्ग से नहीं हटता है ।

(Change the gender)

(वाक्य को स्त्रीलिंग में बदलिए)

(ii) को एक बार बुलाया बीरबल ने अकबर ।

(Re-arrange the words to form a correct sentence)

(उचित वाक्य रचना के लिए शब्दों को पुन: क्रम से लगाइए)

(iii) जंगल के राजा शेर ने पशु-समाज की असुरक्षा से चिन्तित होकर पशुओं की एक सभा बुलाई ।

(Change into the Future Tense)

(भविष्यत् काल में बदलिए)

(iv) धर्म का मानव-मन पर प्रभाव पड़ता है ।

(Use 'प्रभावित' in the sentence)

(वाक्य में 'प्रभावित' शब्द का प्रयोग कीजिए)